भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3110

18 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

मेट्रो रेल नेटवर्क और इसकी उपलब्धियां

3110. **श्री मनीष जायसवालः**
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः
श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
श्री दुलू महतोः
श्री आलोक शर्माः
श्री खगेन मुर्मुः
श्री शंकर लालवानीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में संचालित हो रहे मेट्रो रेल नेटवर्क का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पिछले दस वर्षों में देश के मेट्रो रेल क्षेत्र में कोई प्रमुख या उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) भोपाल में मेट्रो रेल सेवा कब तक शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) वर्तमान में 25 विभिन्न शहरों में लगभग 1083 किलोमीटर मेट्रो रेल लाइनें (दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस की 55 किलोमीटर सहित) चालू हैं। देश में चालू मेट्रो नेटवर्क की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(ख) भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा परिचालन मेट्रो नेटवर्क बन गया है। परिचालित मेट्रो/आरआरटीएस रेल नेटवर्क 2014 के 248 किमी से बढ़कर 2025 में 1083 किमी हो गया है। वर्ष 2014 से अब तक, भारत सरकार द्वारा लगभग 3.44 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 1051 किमी की कुल लंबाई वाली 38 मेट्रो रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। मेट्रो रेल सेवाएं 2014 में 5 शहरों से बढ़कर 2025 में 25 शहरों तक विस्तारित की जा चुकी है।

(ग) भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक 7.0 किलोमीटर लंबाई के प्राथमिकता वाले खंड की भौतिक और वित्तीय प्रगति क्रमशः 93.60% और 93.10% है।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 18.12.2025 को मेट्रो रेल नेटवर्क और इसकी उपलब्धियों के संबंध में लोक सभा के प्रश्न संख्या 3110 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शहर	परिचालन लंबाई (किमी)
1.	दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	दिल्ली	395.817
2.		नोएडा	
3.		गाजियाबाद	
4.		फरीदाबाद	
5.		बल्लभगढ़	
6.		बहादुरगढ़	
7.		ग्रेटर नोएडा	
8.		गुरुग्राम	
9.		सोनीपत	
10.		दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस	55
11.	कर्नाटक	बेंगलुरु	96.1
12.	तेलंगाना	हैदराबाद	69
13.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	72.98
14.	तमिलनाडु	चेन्नई	54.245
15.	राजस्थान	जयपुर	12.1
16.	केरल	कोच्चि	28.48
17.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	22.878
18.		कानपुर	15.12
19.		आगरा	6
20.	महाराष्ट्र	मुंबई	110.6
21.		नागपुर	40.022
22.		पुणे	33.23
23.		ठाणे	-
24.	गुजरात	अहमदाबाद	62.7
25.		गांधी नगर	
26.		सूरत	0
27.	मध्य प्रदेश	भोपाल	0
28.		इंदौर	6.2
29.	बिहार	पटना	2.7
कुल			1083.172